हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

15 पार्षद ने लगाए आरोप, नहीं हो रहे टेंडर



16 शिक्षा के मंदिर परिसर में नशे की खेती, अफीम के 400 पौधे बरामद





## खबर संक्षेप



खरखौदा। पहलवान नितेश को आशीर्वाद देते कोच ओमप्रकाश दहिया।

### जॉर्डन में सीनियर एशियन कुश्ती स्पर्धा में नितेश ने जीता कांस्य पदक

**खरखौदा।** जॉर्डन के अम्मान में आयोजित सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल खरखौदा के छात्र रहे नितेश ने 97 किग्रा भारवर्ग में ग्रीको रोमन स्टाइल में कांस्य पदक जीतकर देश, प्रदेश, जिले, स्कूल व अपने गाँव जागसी का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी एवं प्रताप स्कूल के खेल निदेशक ने बताया कि नितेश ने सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नितेश इससे पहले भी वर्ल्ड रैसलिंग व एशियन रैसलिंग चैम्पियनशिप सहित 4 बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 14 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में नितेश ओलम्पिक में भी पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेगा। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया कि नितेश ने प्रताप विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लिया था।

## विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा, मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

# बरोदा हलके में बनेगी आईएमटी होगा विकास : इंदुराज नरवाल

वर्ष 2020 में बरोदा विधानसभा उप चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बरोदा हलके में आईएमटी स्थापित करने की घोषणा की थी, लेकिन क्षेत्रवासियों को यह सौगात नहीं मिल पाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

बरोदा विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सरकार ने इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करने की घोषणा कर दी है। यह निर्णय क्षेत्र के विकास और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह जानकारी बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल उर्फ भालू ने दी।

वर्ष 2020 में बरोदा विधानसभा उप चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बरोदा हलके में आईएमटी स्थापित करने की घोषणा की थी, लेकिन क्षेत्रवासियों को यह सौगात नहीं मिल पाई। बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने पिछले चार से इस मुद्दे को हर बार विधानसभा में जोरशोर से उठाया।



गोहाना। विधानसभा में आईएमटी का मुद्दा उठाते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

### शीघ्र क्रियान्वयन की उम्मीद

विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि जनता को अब इस परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे सरकार से लगातार संवाद कर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द मूर्त रूप दिलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

विधायक ने इस बजट सत्र में भी विधानसभा में यह मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। इसके परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में खड़े होकर आश्वस्त किया कि सरकार जल्द ही जमीन अधिग्रहित कर आईएमटी का निर्माण करवाएगी। विधायक ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद और समर्थन का ही परिणाम है। आईएमटी के निर्माण से क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। ऐसे में स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।



सोनीपत। सम्मान प्राप्त करते हुए अरुण बंसल व धीरज शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# 'फ्यूचर रेडी स्कूल' की उपाधि से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- शिवा शिक्षा सदन और ऋषिकुल विद्यापीठ को मिला सम्मान

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट, इंडिया द्वारा फयूचर रेडी स्कूल की उपाधि से सोनीपत के शिवा शिक्षा सदन और ऋषिकुल विद्यापीठ को सम्मानित किया गया है। ताज सूरजकुंड रिज़ॉर्ट एंड स्पा, फरीदाबाद में आयोजित कैम्ब्रिज स्कूल्स कॉन्फ्रेंस साउथ एशिया 2025 में विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल और धीरज शर्मा ने उपस्थिति दर्ज कराई और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर–इंटरनेशनल एजुकेशन, रॉड स्मिथ के करकमलों से यह सम्मान प्राप्त किया। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने विनय शर्मा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल एजुकेशन, साउथ एशिया) एवं मार्क विंटरबॉटम (फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज), जिन्होंने विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर निदेशक अरुण बंसल ने कहा – यह सम्मान विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के अथक प्रयासों और समर्पण का परिणाम है।

# विकसित भारत कांक्लेव प्रतियोगिता में मेघा, दीक्षा और नैंसी रही तृतीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

भारत कांक्लेव के अंतर्गत राष्ट्रीय केस स्टडी प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में किया गया। जहां देश भर के छात्र, प्रोफेशनल्स और कॉर्पोरेट विशेषज्ञों ने अपनी दूरदर्शिता और नवाचार को प्रस्तुत किया। हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट से कोऑर्डिनेटर रुचि गोयल और विनीत गोयल रहे। जिसमें ए आई - वॉइस फॉर द वॉइसलेस, ए लाइट फॉर द लॉस्ट, एक आवाज बे आवाज के लिए, एक रोशनी खोए हुए लोगों के लिए में मेघा, दीक्षा और नैंसी कॉलेज छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कॉलेज निर्देशिका डॉ. शिवानी ठाकुर ने विजेताओं को बधाई दी। इस मौके पर पूनम माथुर, कुलदीप दहिया आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# त्रिभुवन सहकारी विवि विधयेक से अर्थव्यव्था सशक्त होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधायक 2025 पारित होने के उपलक्ष में शुक्रवार को कृभको कृषक भारती सेवा केंद्र में एक किसान सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में सहकारी समिति के सदस्य एवं किसानों ने भाग लिया।

कृभको सेवा केन्द्र के प्रभारी राजकुमार सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 गुजरात के आनंद स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट (आईआरएमए) को भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करता है। यह विश्वविद्यालय सहकारी वित्त, ग्रामीण ऋण, विपणन, डेयरी, मत्स्य और सहकारी कानून जैसे प्रमुख क्षेत्रों में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रदान करेगा। देशभर में क्षेत्र विशेष स्कूलों और संबद्ध संस्थानों के माध्यम से यह डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करेगा, जिससे सहकारी क्षेत्र के लिए कुशल पेशेवरों का एक मजबूत आधार तैयार होगा। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा।



गोहाना। सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र प्रभारी राजकुमार सिंह। फोटो : हरिभूमि

# जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर संघर्षस्थल दिल्ली में होगी सर्वधर्म सभा

- इनेलो के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

इनेलो पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इनेलो पार्टी ने एडवोकेट कृष्ण मलिक को प्रदेश सचिव, पूर्व एसपी अनूप दहिया को प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य, ताहर सिंह चौहान, अमित सैनी, बिट्टू मास्टर राठधना को प्रदेश कार्यकारिणी में लेने पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा 6 अप्रैल को जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर दिल्ली संघर्षस्थल पर सर्वधर्म सभा का आयोजन होगा।

सोनीपत जिले के कार्यकर्ता सुबह 6 बजे ताऊ देवीलाल चौक पर इकट्ठा होकर पुष्प अर्पित करेंगे। इसके बाद सभी कार्यकर्ता दिल्ली सर्वधर्म सभा में भाग लेंगे वहां पर इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला सहित देश व प्रदेश के बड़े-बड़े नेता धर्म सभा में शामिल होंगे।

इस मौके पर करण सिंह चहल, हल्का बरोदा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिरसाढ, हल्का सोनीपत के अध्यक्ष महावीर शर्मा, हल्का राई के अध्यक्ष राजेश पलड़ी, युवा जिलाध्यक्ष विकास मलिक, सुरेन्द्र सुहाग, मनजीत फौगाट, राकेश जैन, बलजीत मलिक, सुनील ढाका, डा. अनिल मलिक, सतपाल राठी, धर्मबीर दहिया, जसमेर रोड़, जोरावर सिंह, मित्रसैन दहिया, भूपेन्द्र राठी, अमन आहुलाना, आशु त्यागी, आशीष सुहाग, जयदीप राठधना, जितेन्द्र नैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सोनीपत। इनेलो के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# बिजली ट्रांसमिशन लाइन से 8.80 लाख का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- बड़वासनी के पास चल रहा है लाइन का कार्य

सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में चोर बिजली ट्रांसमिशन लाइन की करीब 8.80 लाख रुपये कीमत के हाई-वेयर फिटिंग और कंडक्टर चुरा ले गए। विभाग के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

ट्रांस रेल लाइटिंग लिमिटेड के उप प्रबंधक दीपक चंद्र ने बताया कि बड़वासनी गांव में 765 केवी मेरठ-भिवानी लीलो ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य चल रहा था। यहां तार खींचने का कार्य किया जा रहा था। इसके पास ही ड्रम प्वाइंट बनाया गया था, जहां 72 ड्रम कंडक्टर और हाई-वेयर फिटिंग का सामान रखा गया था। बुधवार की रात को वह साइट से गए तो सामान वहीं रखा था। अगले दिन साइट पर टीम पहुंची तो 40 जी-रिंग, छह, सीसी रिंग ट्रांसमिशन फिटिंग, 12 मंडल आर्मर रोड, आठ सस्पेंशन क्लैंप और 1809 मीटर कंटरविट गायब मिला। जिसकी कीमत करीब 8.80 लाख रुपये थी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी तरुण सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# प्लंबर के घर से हजारों रुपये की राशि और एलसीडी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज

सदर थाना क्षेत्र के कलावती विहार में चोर एक प्लंबर घर का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये और एलइडी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। कलावती विहार निवासी नरेश ने बताया कि वह सुबह काम पर गए थे। शाम को वापस लौटे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर जांच की तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी खुली हुई थी। जांच की तो उसमें रखे 20 हजार रुपये और कमरे से एलइडी गायब थी। पीछे से घर में घुस कर कोई रुपये और एलइडी चोरी कर ले गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई कमलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### ताला तोड़कर पीलिये का सामान व आभूषण चोरी

**खरखौदा।** मौजमनगर गांव में बहन के पीलिये के लिए बनवाए गए आभूषण व अन्य सामान के साथ साथ घर के अन्य आभूषणों पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। रवींद्र के ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव मौजमनगर निवासी रवींद्र ने बताया कि 27 मार्च को सुबह वह घर का ताला लगाकर कंपनी में अपनी ड्यूटी पर चला गया। उसकी पत्नी पहले से ही मायके गई हुई थी। वह शाम को घर लौटा तो ताला टूटा हुआ पाया। अलमारी चैक की तो उसमें रखे हुए उसकी पत्नी के सोने चांदी के गहने व उसकी बहन के पीलिये के लिए बनवाए गए गहने व अन्य सामान चोरी मिला। जिसमें सोने की एक तोले की चेन, एक जोड़ी पाजेब, आधा तोले की कान की बाली, आधा तोले की नोज पिन, चांदी का मंगलसूत्र, एक घड़ी, अंगूठी चांदी की, कान के झूमके, नाक की लोंग, कान की छोटी बाली, आधा तोले की अलग से अंगूठी, शादी वाली घड़ी करीब 30 से 35 हजार रुपए, कैश चोरी हुए मिले। रवींद्र के ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सरकार से गोहाना सब डिपो को डिपो बनाने की मांग

**गोहाना।** ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ ने गोहाना सब डिपो को डिपो बनाने की मांग की है। कर्मचारी संघ की ओर से राज्य सरकार से यह मांग प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गोहाना सब डिपो बहुत पुराना सब डिपो है। इस डिपो में हरियाणा प्रदेश के सभी सब डिपो से अधिक 76 बसें हैं। सब डिपो की बसों द्वारा प्रतिदिन लगभग 25 हजार किलोमीटर कवर किए जाते हैं। इस डिपो में करीब 250 कर्मचारी कार्यरत हैं। इतनी संख्या में कर्मचारी प्रदेश के अन्य किसी भी सब डिपो में कार्यरत नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने कहा कि गोहाना सब डिपो में सबसे अधिक बसें और कर्मचारियों की संख्या भी ज्यादा है। गोहाना को जिला बनाने की मांग भी लगातार चल रही है। दादरी भी जिला बनने से पहले डिपो होता था। ऐसे में गोहाना को भी जिला बनाए जाने से पहले डपो का दर्जा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नारायणगढ़ सब डिपो को डिपो का दर्जा देना चाहती है। ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की मांग है कि गोहाना सब डिपो को डिपो का दर्जा दिया जाए।



# युवती के साथ तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र से युवती को जन्मदिन के बहाने खेवड़ा के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। युवती के साथ तीन युवकों ने दुष्कर्म किया। बाद में चौथे साथी को बुलाया गया। उसने युवती को छोड़ने आने के दौरान परिवार के सदस्य के सामने हथियार दिखाया। चौथा आरोपित दिल्ली पुलिस में बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी प्रबिना पी ने पत्रकारों को बताया कि एक युवती ने 18 मार्च को बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया था कि वह किलोहड़द गांव निवासी भविष्य को जानती है। वह अस्पताल में नौकरी करता है। भविष्य ने उन्हें अपने जन्मदिन की पार्टी के बहाने बुलाया था। वह भविष्य के पास गई तो वह उसे अपनी कार में बैठाकर खेवड़ा गांव के खेत में ले गया। जहां पर पहले से उसके दो दोस्त मौजूद थे। वहां पर तीनों ने उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने चौथे साथी को भी बुला लिया। उसे छोड़कर आने के दौरान कार को पीछे करते समय चौथे आरोपित ने पिस्तौल दिखाई। उसने परिजन को मामले से अवगत कराया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एसआई पूजा की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित गांव किलोहड़द निवासी भविष्य, लिवासपुर निवासी अंकित, खेवड़ा निवासी विक्की के साथ चौथे आरोपित रोहतक के नया बास निवासी वजीर उर्फ रवि को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितो को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

# एनएसएस शिविर : अर्बल ऑक्सीन बाग स्थापित

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज सोनीपत की एनएसएस की तीनों इकाईयो ने एक पेड़ बेटी के नाम थीम पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत कॉलेज परिसर में हर्बल ऑक्सीजन बाग की स्थापना की गई। जिसके शुरुआत कॉलेज प्राचार्य अर्चना गुप्ता और डॉ. बलजीत कौशिक ने अर्जुन के पौधा रोपित करके की। कार्यक्रम के अंतर्गत 45 पौधे रोपित किए गए जिसमें अर्जुन, आंवला, कपूर, बेलपत्र, तुलसी, अजवाइन, कड़ी पत्ता, सहजन आदि शामिल रहे। इसी चरण में पेड़ बचाओ जीवन बचाओ विषय पर प्लेकार्ड मेकिंग कंपटीशन और सशक्त महिलाएं, सशक्त विश्व विषय पर स्लोगन राइटिंग कंपटीशन आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. कपिल गुप्ता, डॉ. हरदीप आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। शिविर के दौरान पौधारोपण करती प्राचार्या एवं अन्य।

## पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की 19वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

# आधुनिक हरियाणा के निर्माता व विकास पुरुष थे बंसीलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

- कुशल प्रशासक एवं स्पष्ट छवि के नेता थे बंसीलाल

शुक्रवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित दीनबन्धु सर छोटू राम चौक में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा चौ. बंसीलाल एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक हरियाणा के निर्माता माने जाते हैं। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए। वे एक कुशल प्रशासक एवं स्पष्ट छवि के नेता थे।

श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ.सुरेश सेतिया ने की ने की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल ने हरियाणा प्रदेश को बिजली, पानी और हर गांव को शहर से जोडक़र विकास को नई दिशा दी और पूरे प्रदेश म अनेक उद्योग स्थापित करके हरियाणा का नाम पूरे विश्व में प्रसिद्ध किया। समारोह में अनूप फौजी, सतवीर पौड़िया, भलेराम नरवाल, तेजवीर सिंह, सुभाष शर्मा, राजवीर नंबरदार, उधम सिंह व आशीष बूरा विशेष रूप से मौजूद रहे।



गोहाना। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत बंसीलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षकों के लिए फिटनेस बूट कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत देवड़ रोड में शिक्षक फिटनेस बूट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा के माल्यार्पण द्वारा की गई।

करो योग, रहो निरोग परंपरा का निर्वाह करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत योग द्वारा की गई। इसके अंतर्गत योगाचार्य गौरव द्वारा योग तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। स्कूप रेस में कोमल, बैलेंसिंग रेस में मोनिका, कोकोनट रेस में नीलम, माइंड द स्टेप रेस में मंजू चौहान तथा क्रिकेट में सुभाष कुंडू की टीम विजयी रही।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शारीरिक व मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कूंजी है। स्वस्थ मन और मस्तिष्क ही सकारात्मकता के प्रेरक हैं। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने बताया कि योग को दैनिक दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी पदक दिखाते हुए।

### जूडो खिलाड़ियों ने जीते पदक, स्कूल में स्वागत

**सोनीपत।** दिल्ली में 23 से 25 मार्च तक आईआईएस राजधानी जूडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन स्कूल सोनीपत की सृष्टि सांगवान ने 57 किलोग्राम में कांस्य पदक और लवनीत ने 63 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतकर अपने जिले, विद्यालय, माता-पिता व कोच का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी है। उन्होंने जूडो कोच सतपाल गुलिया की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। विद्यालय प्रबंधक नीलम गाहल्याण ने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ी समय-समय पर पदक प्राप्त कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों ने भी जीत का पूरा श्रेय जूडो कोच सतपाल गुलिया को दिया है। विद्यालय स्टाफ ने भी विजेता खिलाड़ियों को और कोच गुलिया को जीत की बधाई दी है।

### इक्को चालक को पीटकर गाड़ी छीनी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर सोनीपत थाना क्षेत्र में गाड़ी चालक को पीटकर उसकी गाड़ी छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शकुरपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह वह शुक्रवार को सुबह पांच बजे अपनी इक्को गाड़ी में सवारियों को सोनीपत छोड़ने के लिए आया था। गोहाना रोड पर सवारियों को छोड़कर वापस जा रहा था। बहालगढ़ रोड पर उसकी गाड़ी के सामने एक कार आकर रूकी। जिसमें उसे लड़का उतर कर आया। उसके साथ मारपीट कर गाड़ी की चाबी छीन ली। उसे गाड़ी से नीचे उतारकर गाड़ी को भगा ले गया। गाड़ी के अंदर उसके कागजात, हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन भी था। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### नए कानून के खिलाफ लामबंद होंगे दवा विक्रेता

**सोनीपत।** जिला सोनीपत फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एंड सीड्स एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला के नेतृत्व में बीज मार्केट सोनीपत के बीज व कीटनाशक दवाई विक्रेता वीरवार शाम इकठ्ठे हुए। मीटिंग की अध्यक्षता मार्केट प्रधान सतीश गुप्ता बिन्नी ने की, सभी दुकानदारों का कहना है हरियाणा सरकार द्वारा नया कानून बनाया गया है जिसके तहत बीज व कीटनाशक दवाई निम्नस्तर पाई जाती है तो मैन्युफैक्चरर व विक्रेता दोनों पर जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। दुकानदारों का कहना है कि जब पैक्ड मैटेरियल हम बेच रहे हैं और वह कंपनी जिसका माल हम बेच रहे हैं वह सरकार द्वारा ही लाइसेंसशुदा है और उसका ऑथोरिटी लेटर भी कृषि विभाग द्वारा हमारे लाइसेंस में चढ़ाया जाता है तो उस कंपनी का माल बेचने पर भी विक्रेता क्यों जिम्मेदार होगा।

## नगरपालिका पहुंचे निगम आयुक्त, पार्षदों के साथ की बैठक

# पार्षदों ने नपा अधिकारियों पर लगाए आरोप, नहीं लगाए जा रहे टेंडर

**बैठक में साफ-सफाई सड़क-गली निर्माण स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास योजना और अन्य नगर विकास कार्यों पर चर्चा हुई**



गन्नौर। पार्षदों की शिकायत सुनते निगम आयुक्त हर्षित कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति जानने के लिए निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने शुक्रवार को गन्नौर नगरपालिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक की और विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी के अलावा पार्षद व नपा सचिव नितिन वत्स के अलावा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई, सड़क-गली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास योजना और अन्य नगर विकास कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पार्षदों ने कई समस्याओं को निगम आयुक्त के सामने रखा। पार्षदों का कहना था कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित है, गली-नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो रही है और सफाई कर्मियों की संख्या भी कम है। इसके अलावा, इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। पार्षदों ने मांग की कि पालिका अभियंता जयदेव शर्मा को बदला जाए, क्योंकि उनके काम करने के तरीके से जनता और जनप्रतिनिधियों को परेशानी हो रही है।

### जेई के बार-बार ट्रांसफर से विकास कार्य प्रभावित

बैठक में पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका क्षेत्र में जेई का बार-बार तबादला किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तबादले की वजह से 50-50 लाख रुपये के एस्टिमेट तक नहीं बन पा रहे। जिस वजह से उनके वार्डों में विकास कार्य लगभग छह महीने से अटके हुए हैं। इसके अलावाकई विकास योजनाएं भी ठप पड़ी हैं।

### निगम आयुक्त ने दिया आश्वासन

नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने पार्षदों की सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए के लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। विशेष तौर पर नई नियमित हुई कालोनियों में जल्द से जल्द काम पूरा होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह में सभी एस्टिमेट तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का अपडेट दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

### लाल डोरा सर्टिफिकेट और पीएम आवास पर सवाल

पार्षदों ने लाल डोरा सर्टिफिकेट न मिलने की शिकायत की। अब तक शहर में लाल डोरा में रह रहे भू मालिकों को सर्टिफिकेट देने का काम शुरू भी नहीं किया गया। पार्षद कृष्ण टांक ने पीएम आवास योजना को लेकर गंभीर आरोप लगाए। योजना के तहत लोगों से पैसे लेकर फाइल पास की जा रही है, जिससे लाभार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### स्ट्रीट लाइट और टेंडर प्रक्रिया में देरी

बैठक में स्ट्रीट लाइट का मुद्दा भी उठा। पार्षदों का कहना था कि नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है, लेकिन अधिकारी टेंडर जारी नहीं कर रहे हैं। इससे कई इलाकों में रात के समय अंधेरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

### गढ़ी केसरी में टेंडर अलाट होने पर काम नहीं

पार्षद अंकित त्यागी ने गढ़ी केसरी क्षेत्र का भी मामला उठाया, जहां टेंडर अलॉट होने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया है। इससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सोनीपत। विधानसभा में अपनी मांग रखते हुए विधायक निखिल मदान।

# सोनीपत में 10 एकड़ में बनेगा दशहरा ग्राउंड

- विधायक निखिल मदान की मांग पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सदन में की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में अंतिम दिन विधायक निखिल मदान ने सोनीपत में एक भव्य दशहरा ग्राउंड बनाने की मांग सदन में रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत नगर निगम की आबादी लगभग 5 लाख हो चुकी है लेकिन पूरे सोनीपत निगम क्षेत्र में कहीं भी एक बड़ा दशहरा ग्राउंड नहीं है। निखिल मदान ने कहा कि उन्होंने अपने मेयर कार्यकाल में दशहरा ग्राउंड के लिए सेक्टर 15 रंगोली ग्रीन सोसायटी के पास रेवली गांव में 10 एकड़ से अधिक जमीन को चिह्नित करवाया था। सोनीपत की बढ़ती आबादी और रिहायशी इलाक़ों में रावण दहन के समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए एक बड़े दशहरा ग्राउंड की बेहद सख्त ज़रूरत है।
प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी विधायक निखिल मदान की मांग का समर्थन किया। विधायक निखिल मदान के प्रश्न पर सदन में जवाब देते हुए प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि वो सोनीपत विधायक निखिल मदान की मांग को जायज मानते हैं और सदन के पटल पर घोषणा करते हैं कि नगर निगम सोनीपत के रेवली गांव की जिस 10 एकड़ जमीन के दशहरा ग्राउंड हेतु चिन्हित किए जाने का उल्लेख विधायक निखिल मदान ने किया है। विभाग द्वारा उसका सर्वेक्षण करवाकर और तमाम विभागीय एवं औपचारिकताओं को पूरा करके जल्द ही सोनीपत में दशहरा ग्राउंड का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक मदान ने कहा कि वो सरकार और स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का धन्यवाद किया।

# आंगनवाड़ी वर्करों ने विधायक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

- आंगनवाड़ी वर्कर्स सिविल हॉस्पिटल पार्क में इकट्ठा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत



सोनीपत। विधायक कार्यालय के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर। फोटो : हरिभूमि

मजदूर संगठन सीटू से संबंधित आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन हरियाणा के आह्वान पर 26 से 28 मार्च को तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन विधायक कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देकर खत्म कर दिया है। सुबह 10:00 बजे से ही सिविल हॉस्पिटल पार्क में आंगनवाड़ी वर्कर्स इकट्ठा हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान उषा रानी ने की एवं संचालन सचिव सोना देवी ने किया।

सिविल अस्पताल सोनीपत से प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स हैल्पर स्थानीय विधायक निखिल मैदान के कार्यालय पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, प्रधान उषा रानी, सचिव सोना देवी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एवं केंद्र व राज्य सरकार की परियोजना कर्मी विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री सैनी मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के नाम दो ज्ञापन विधायक कार्यालय पर सुरेश भारद्वाज को सौपें। संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि लंबे समय से आंगनबाड़ी वर्करों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। दर्शनकारियों को कवीता दहीया, संतोष, शीला, नवीन, अजय आदि ने भी सम्बोधित किया।

### गैरेल्ड मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विधि विवि की टीम रही विजयी

**राई।** डॉ बी आर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की टीम ने लिवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाडा, पंजाब के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा 6 वीं गैरेल्ड मूट कोर्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। विजेता टीम को 50 हजार रुपये की नकद राशि का इनाम मिला। विजेता टीम का राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ.आशुतोष मिश्रा ने बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्विद्यालय का नाम रौशन किया है। कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि हमारे छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर डॉ. पूजा जायसवाल डीन अकादमिक अफेयर तथा मूट कोर्ट सोसाइटी ने भी बधाई दी।

**कुलपति अशोक कुमार ,कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. आशुतोष मिश्रा ने दी बधाई**

# राजकीय महाविद्यालय में भारतीय सशस्त्र बलों में अवसरों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर के अवसरों और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अनिल, जो राजकीय महाविद्यालय कॉलेज बड़ोता में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने छात्रों को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शामिल होने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों के लिए मार्गदर्शन किया जो सेना में भर्ती के इच्छुक हैं। साथ ही शैक्षिक योग्यता, शारीरिक मानदंड और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डॉ नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा, क्योंकि इस क्षेत्र के युवाओं में सेनाओं में जाने के लिए ज़बरदस्त उत्साह है। डॉ नेगी ने कहा कि वक्ता ने बड़ी बारीकी से भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने इस सत्र का लाभ उठाते हुए भारतीय सेना में अपनी संभावनाओं पर चर्चा की और भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने बताया कि प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार व कैरियर के विभिन्न अवसरों से अवगत कराना है। मंच संचालन डॉ प्रियंका ने किया।



खरखौदा। विद्यार्थियों को जानकारी देते व्याख्याता अनिल।



सोनीपत। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी शिक्षक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

# पाठ्यक्रम डिजाइनिंग एवं पाठ योजना विषय पर आरंभ हुई कार्यशाला

**सोनीपत।** ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी में पाठ्यक्रम निर्माण एवं पाठ योजना के विषय में एक विशेष इन हाउस चार दिवसीय कार्यशाला का आज आरंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और निर्देशक रीमा शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा, अंजू शर्मा एवं भूपिला ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में विद्यालय प्रधानाचार्य चंचल शर्मा ने सभी को पाठ्यक्रम योजना एवं पाठ योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए एक संगठित और सुसंगत योजना बनाना, जिसमें सीखने के लक्ष्यों, गतिविधियों, पाठ्य सामग्री और मूल्यांकन की योजना शामिल होती है. जिसमें शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पाठ योजना शिक्षकों को छात्रों की समझ पर नज़र रखने में मदद करता है। इसमें शामिल पांच चरण हैं प्रत्याशित सेट, नई सामग्री का परिचय, निर्देशित अभ्यास, स्वतंत्र अभ्यास और समापन। आज के दिन के समापन पर प्रधानाध्यापिका चंचल शर्मा जी ने सभी अतिथियों एवं अध्यापकों का धन्यवाद किया।



गोहाना। कुआं पूजन के लिए बेटी को गोद में लेकर पारंपरिक गीत गाते हुए महिलाएं और वर्कर। फोटो : हरिभूमि। फोटो : हरिभूमि

# बेटी के जन्म लेने पर किया कुआं पूजन समाज को बेटी बचाने का दिया संदेश

**गोहाना।** गांव धनाना में ग्रामीण सुभाष के घर उनकी पुत्रवधू कोमल पत्नी तिलकराज ने बेटी को जन्म दिया। बेटी का नाम दिव्या रखा गया। उनके नामकरण पर परिवार द्वारा कुआं पूजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से परिवार व विभाग के कर्मचारियों ने बेटी बचाने और उसे सशक्त बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग में कथूरा सर्कल की सुपरवाइजर सुनीता मुख्य रूप से पहुंची। उन्होंने कहा कि माता-पिता बेटा और बेटी में कोई फर्क न करें और दोनों को बराबर का हक दें। समाज के विकास के लिए बेटियों का शिक्षित होना आवश्यक है। अगर हम एक बेटी को शिक्षित बनाएंगे तो दो परिवार शिक्षा के उजियारे से प्रकाशित होंगे। समारोह में दिव्या के दादा सुभाष, दादी शीला, पिता तिलकराज, शिक्षिका सरिता, आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता, नीलम, ममता, रेखा व अनीता के साथ ग्रामीण महिला पूजाा, रीना, मीना, कमला, सुदेश, नेहा, ज्योति और सुकीला मौजूद रहे।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में जीवन कौशल पर आयोजित क्षमता निर्माण वर्कशॉप में प्रतिभागी।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में जीवन कौशल पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई के सौजन्य से जीवन कौशल पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन ,डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुधीर जैन ने कहा कि जीवन कौशल योग्यताओं का एक समूह है जिसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता और व्यावहारिक कौशल का संयोजन शामिल है। जीवन कौशल छात्रों को जीवन की चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए उपकरण भी प्रदान करते हैं। जीवन कौशल विद्यार्थियों को समस्याओं को सुलझाने और सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। विद्यार्थियों में जीवन कौशल विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। इस मौके पर सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया व डा. निशा कुमारी ने प्रतिभागी शिक्षकों को जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

# स्कूल में ग्रेजुएशन डे मनाया, बच्चों को दिए सर्टिफिकेट




सोनीपत। समारोह के दौरान बच्चों को सर्टिफिकेट देते हुए निदेशक, प्राचार्या एवं ललित पंवार।

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के युवा स्नातकों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिसमें माता-पिता, शिक्षक और अतिथि उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. किरण दलाल के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के महत्व और छात्रों के उल्लेखनीय विकास पर जोर दिया। इसके बाद बच्चों द्वारा एक समूह गीत और नृत्य प्रदर्शन सहित कई आकर्षक प्रदर्शन हुए, जिसमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण निदेशक समीक्षा पंवार और प्रिंसिपल डॉ. किरण दलाल द्वारा नन्हे-मुन्नों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान करना रहा। कुछ अभिभावकों ने भी प्रेरणादायक शब्द सांझा किए, जिससे उत्सव का माहौल और भी बढ़ गया। समारोह का समापन अकादमिक निदेशक चंद्रमोहन विज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**सम्मान** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

# वरिष्ठ नागरिकों का सामूहिक जन्मदिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सामुदायिक केन्द्र सैक्टर 14 में मार्च मास में उत्पन्न सदस्यों का सामूहिक रूप से जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर निगम सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन को आमन्त्रित किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उन्हें बुकों, फूलमालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी, परिषद प्रधान इंजी. बीआर आहूजा तथा परिषद द्वारा हार्दिक बधाई और अभिनंदन किया। इस अवसर पर परिषद के चार सदस्यों का निधन हो जाने के कारण उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मार्च मास में उत्पन्न होने वाले 32 सदस्यों को उपहार, अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और मिठाई खिला कर सम्मानित किया। वरिष्ठ नागरिकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविता, भजन, कहानियां, शेरों, शायरी आदि प्रस्तुत करके उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया। रामफल वर्मा दम्पत्ति द्वारा प्रस्तुत गीत तथा हर भगवान रहेजा की प्रस्तुति सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफ़लता पूर्वक संचालन परिषद महासचिव सुभाष वशिष्ठ ने किया। राष्ट्रीय गान के साथ सभा का समापन हुआ और पौष्टिक भंडारे की व्यवस्था की गई।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**NOTICE**

I, Sumit Kumar army no. 14881980F, Rank-NK/CLK R/o Malikpur, PO. Malikpur, Tehsil & Distt. Sonipat, Haryana-131027 declare My father's name registerd in army Record as Anand Savroop which is wrong. My father correct name is Anand Swaroop for all future purposes.

**NOTICE**

I, Sumit Kumar army no. 14881980F, Rank-NK/CLK R/o Malikpur, PO. Malikpur, Tehsil & Distt. Sonipat, Haryana-131027 declare My mother name registerd in army Record as Poonam Devi which is wrong. My mother correct name is Punam for all future purposes.

## खबर संक्षेप

### आरपीएस में विद्याश्री छात्रवृत्ति परीक्षा कल

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना के तहत दूसरी चरण की परीक्षा 30 मार्च को आयोजित होगी। यह जानकारी प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दी। परीक्षा में चयनित छात्रों को पहली से 9वीं व 11वीं कक्षा मेंनिशुल्क शिक्षा दी जाएगी। यह योजना उन होनहार छात्रों के लिए है जो वित्तीय कारणों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

### भाविप करेगा महायज्ञ का आयोजन

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के स्वागत में महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि हम अपनी सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च रविवार को सनातन धर्म मंदिर गन्नौर मंडी में किया जाएगा।

### शिक्षित युवा ही समाज के लिए कुछ पाएंगे

**गोहाना।** गांव कथूरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को ग्राम सभा आयोजित की गई। सभा में ग्राम पंचायत व एसएमसी सदस्यों के साथ अभिभावकों व विद्यालय परिवार ने भाग लिया। प्राचार्य सुरेन्द्र नरवाल ने कहा कि शिक्षा ही वह धन है जिसे युवा अर्जित करके खुद के अलावा अपने परिवार व समाज को धनवान बना सकते हैं। जब वे शिक्षित बनेंगे तभी समाज के लिए कुछ कर पाएंगे। ऐसे में विद्यार्थी मन लगाकर कठोर मेहनत करें।

### सनपेड़ा में सर्कल रेट पर पंचायत की आपति

**गन्नौर।** सनपेड़ा पंचायत ने गांव में जमीन का कलैक्टर रेट बढ़ाए जाने पर तहसीलदार को ज्ञापन देकर कलेक्टर रेट कम कराने की मांग की। ज्ञापन में सरपंच प्रमोद ढाका ने बताया कि वर्ष 2022-2023 में गांव की जमीन का सर्कल रेट 57 लाख 20 हजार रूपयें था। 2023-2024 में 57 लाख 80 हतार रूपयें कर दिया। अब सरकार ने कलेक्टर रेट बढ़ाकर 15 दिसंबर 2024 में इसे तीन गुणा बढ़ा दिया है। सर्कल रेट ज्यादा होने के कारण जमीन खरीददारी में लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

### ई-रिक्शा की बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी में चोर ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बढ़मलिक निवासी नितिन ने बताया कि वह गांव में किराए के मकान में रहता है। ई-रिक्शा चलाकर गुजर-बसर करता है। उन्होंने उसने अपनी गांव में पशु चिकित्सालय के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर के पास खड़ी की थी। अगले दिन ई-रिक्शा की चार बैटरी गायब मिली।

## राजीव गांधी एजुकेशन सिटी का मामला

# शिक्षा के मंदिर परिसर में नशे की खेती, अफीम के 400 पौधे बरामद

- क्राइम यूनिट-1 की टीम ने छापा मारकर खुलासा किया
- 400 पौधों का वजन 39.7 किलो मिला
- जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। संस्थान में फूलों के बीच उगाए गए अफीम के पौधे।

राई थाना क्षेत्र में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई में स्थित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के अंदर फूलों के बीच नशे की खेती करने का मामला सामने आया है। फूलों के बीच में अफीम उगाई जा रही थी। क्राइम यूनिट-1 की टीम ने छापा डालकर इसका खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से विवि के माली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संतराम है। वहीं टीम ने विवि में उगाए 400 पौधे, जिनका वजन 39.7 किलो मिला है उसे बरामद किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

डीसीपी नरेंद्र सिंह कादियान ने बताया कि सीआईए-1 की टीम एएसआई सुरेंद्र के नेतृत्व में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में अफीम के पौधे उगाए गए हैं। पौधे माली उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के गांव मेघ मऊ निवासी संतलाल ने उगा रखे हैं। जिस पर टीम ने तुरंत ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर मुंशीराम व बागवानी विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी ब्रज बेकरियां संपर्क किया। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में फूलों के बीच क्यारियों में अफीम के पौधों की तलाश की गई। बागवानी विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी की निगरानी में 400 पौधे बरामद किए। जिनका वजन 39 किलो 750 ग्राम मिला।


### दो महीने पहले उगाए थे पौधे, पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया



जिस पर पुलिस टीम ने आरोपित संतराम को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की सूचना के डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने भी टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपित संतराम के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच में सामने आया है कि संतराम विवि में नौ साल से नौकरी कर रहा था। बरामद किए गए पौधे डेढ़ से दो माह पहले उगाए गए थे। उन पर डोडा आया है और कट के निशान मिले हैं।

# लघु सचिवालय में पेंशन की जानकारी लेने आए दंपति पर मधुमक्खियों का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। अस्पताल में भर्ती घायल दंपति।

जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में बने समाज कल्याण विभाग में पेंशन की जानकारी लेने आए दंपति को मधुक्खियों के झुंड ने घेर लिया। दोनों को काट लिया। किसी तरह दोनों ने खुद को बचाया। उसके बाद दोनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि शुक्रवार सुबह से ही लोग जरूरी कामों के लिए लघु सचिवालय पहुंचने लगे थे। दोपहर 12 बजे तक सैकड़ों लोग अलग-अलग कामों के लिए परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान पार्किंग की तरफ से अचानक मधुमक्खियों का बड़ा झुंड आया और लोगों पर हमला कर दिया। हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई। पेंशन, आधार कार्ड, लाइसेंस और रजिस्ट्री जैसे कामों से आए लोग जान बचाकर भागे। किसी ने कपड़े से मुंह ढका, तो कोई कार में जाकर बंद हो गया। कई लोग बिल्डिंग के अंदर घुस गए। गांव राजपुर के जगबीर और उनकी पत्नी जगवंती मधुमक्खियों के बीच फंस गए। दोनों को कई जगह मधुमक्खियों ने काटा। इनके अलावा अन्य गांवों से आए कई लोग भी हमले में घायल हुए। दिन भर लोगों को मधुमक्खियों के कारण परेशानी हुई। लोगों ने यहां तुरंत बचाव की मांग की। ताकि आगे परेशानी न हो। मधुक्खियों से घायल दंपति को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों पेंशन की जानकारी लेने के लिए गांव से पहुंचे थे।

# अशोक विहार में महिला के खाते से 30 हजार उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में महिला को झांसे में लेकर हजारों रुपये की राशि के ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर डीएसपी के नाम शिकातयत दी। जिसके बाद शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सिलाना निवासी अनीता ने साइबर डीएसपी को शिकायत देकर बताया कि गत 10 जनवरी को उसके पास किसी अज्ञात नंबर से कॉल आई। जिमसें कॉलर ने कहा कि उसने गलती से उसके अकाउंट में राशि डाल दी है। उसके रुपये वापस भेज दी। उसने उसके खाते में 30 हजार रुपये की राशि डाल दी। उसने अपने स्तर पर पता किया तो साइबर ठगी की जानकारी मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# घर से नाई की दुकान पर जा रहे युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव रोलद लतीफपुर में घर से नाई की दुकान पर जा रहे युवक पर चाकूओं से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रोलद लतीफपुर निवासी मनोज ने बताया कि वह गत 27 मार्च को साढ़े नौ बजे अपने बालों की कटिंग करवाने के लिए नाई की दुकान पर जा रहा था। उसी दौरान उसका पड़ोसी अजय उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। दो महिलाओं ने उसके सिर पर डंडों व ईंटों से हमला कर घायल कर दिया।

### धमकी देकर फरार

हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसके बाद वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसका चचेरा भाई उसे लेकर अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# साउथ पॉइंट स्कूल में हवन के बाद सभी विद्यार्थियों को दिए वेलकम टू स्कूल फ्लावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ में आहुति देते स्कूल चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

साउथ पॉइंट स्कूल में शुक्रवार को हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने हवन में आहुति दी। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को वेलकम टू स्कूल फ्लावर दिया। स्कूल पहुंचे विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, इसलिए सभी विद्यार्थी रोजाना स्कूल पहुंचे और मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि समय की कीमत को समझते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने शैक्षणिक स्टाफ को ऐसे ही मेहनत से विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया।

साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को सत्र की बधाई दी।

# खरखौदा को गोहाना में जाने से रोकने के लिए गांवों का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

किसान नेता विकेश रोहणा ने समाजिक लोगों के साथ करीब 20 गांवों को दौरा करके लोगों से अपील की है कि खरखौदा को किसी भी सूरत में गोहाना जिले में नहीं जाने दिया जाएगा। इस मामले को लेकर 30 मार्च को खरखौदा में महापंचायत बुलाई गई है, ताकि आगामी फैसला लिया जा सके। महापंचायत में ग्रामीण भाजपा से मांग कर सकते हैं कि संगठन की दृष्टि से खरखौदा को गोहाना जिलाध्यक्ष के अधीन नहीं रखा जाए। खरखौदा को सोनीपत जिले में ही रखा जाए। इसके अलावा भविष्य में गोहाना जिला बनता है, तो खरखौदा को गोहाना में नहीं मिलाया जाए। खरखौदा का जिला मुख्यालय सोनीपत ही रखा जाए। उन्होंने विधायक पवन से भी मांग की है कि वे भी इसमें सहयोग करें। इस अवसर पर संदीप, कृष्ण, राकेश थाना कलां, रामनिवास, खुशीपाल नकलोई, सुधीर, संदीप सिलाना, प्रवेश खांडा सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी एसो. ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ दी शिकायत

**सोनीपत।** दी सोनीपत फ्रूट एंड वेजिटेबल कमीशन एजेंट एसोसिएशन सोनीपत ने आज सिविल लाइन थाने में इकट्ठे होकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ शिकायत दी। प्रधान ललित खत्री ने बताया कि उनकी दुकानों के सामने फड़ पर कुछ असामाजिक तत्व जबरदस्ती कब्जा करते हैं और मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पुलिस को उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए अन्यथा हम सब्जी मंडी बंद करने को मजबूर हो जाएंगे। जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन संजय वर्मा ने सब्जी मंडी एसोसिएशन को इस मुद्दे पर अपना पूरा समर्थन दिया। इस मौके पर पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, मोहन लाल कुछछल, राजकुमार, राजेश, कृष्ण, रोहित, अमित, मुकेश, जस्सू, राहुल आदि मौजूद रहे।



# ईशापुर खेड़ी में प्लाटों से छुड़वाए कब्जे

**गोहाना।** प्रशासन ने शुक्रवार को गांव ईशापुर खेड़ी में प्लाटों से अवैध कब्जा छोड़वाना शुरू कर दिया है। इसके लिए अधिकारी बुलडोजर लेकर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने कहा कि प्लाटों की पैमाइश करवाकर लाभार्थियों को प्लाट दिलाए जाएंगे। कार्रवाई के समय एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय और मुंडलाना खंड के बीडीपीओ डा. परमजीत पहुंचे। करीब 35 वर्ष पहले सरकार द्वारा गांव ईशापुर खेड़ी में लगभग 150 लोगों को प्लाट आवंटित किए थे। जिन लोगों को प्लाट आवंटित किए गए थे उनको आज तक कब्जा नहीं मिला पाया है। प्लाटों पर गांव के ही लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिन लोगों को प्लाट आवंटित हुए हैं वे अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं। कब्जा न मिलने पर कुछ लोगों ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की शरण ली।

# गांव छपरा में बंद घर से सोने और चांदी के आभूषण चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गांव छपरा में बंद घर से चोर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं चोरी के बाद घर में आग भी लगा दी गई। रोहतक रह रहा परिवार घर आया तो चोरी का पता लगा। जिस पर बरोदा थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। गांव छपरा निवासी सुमन ने बरोदा थाना पुलिस को बताया कि वह अपने पति व तीन बेटियों संग एक साल से रोहतक की हनुमान कॉलोनी में रहती हैं। उनकी चौथी व सबसे बड़ी बेटी अंतरा कक्षा 10वीं की छात्रा हैं और गांव छपरा में ही अपने चाचा अनिल के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि वीरवार को उनके देवर अनिल की कॉल आई थी कि मकान को लेकर फॉर्म भरे जा रहे हैं। उनकी सूचना पर वह परिवार के साथ गांव पहुंची। उन्होंने घर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ था। वह अंदर गए तो वहां सामान बिखरा पड़ा था और आग लगाई गई थी।

उन्होंने घर के अंदर जांच की तो सोने की झुमकी व मंगलसूत्र, चांदी की पाजेब, हाथ फूल और पैरों की चुटकी चोरी मिली। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद सुमन के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## महिला विवि में कार्यक्रम के दौरान बोलीं कुलपति प्रो. सुदेश

# हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश व ऋषि गोयल।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान में शुक्रवार को विक्रम संवत 2082 नूतन वर्ष के आगमन उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ऋषि गोयल और विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व उद्योगपति संजीव गुप्ता थे। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि भारतीय नववर्ष का धार्मिक व साइंटिफिक पहलू है जिसे अपने जीवन में उतारें। अपनी जड़ों को कभी न छोड़ें। अपने अतीत से सीख कर वर्तमान को सवारें। उन्होंने कहा कि हमारा आयुर्वेद कॉलेज 52 साल पुराना है, और उत्तर भारत में लगभग हर बीएएमएस प्रैक्टिसनर किसी न किसी तरीके से इस संस्थान से जुड़ा है। कार्यक्रम में विषय संबंधित रंगोली प्रतियोगिता में पायल व मनीषा ने पहला, फ्लोरेंस व रिया ने दूसरा स्थान जबकि वर्षा व रजनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रियंका ने पहला, ईशिका ने दूसरा व चाहत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय परिधान प्रतियोगिता में अन्नू ने पहला, निधि ने दूसरा और महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा आशा की कविता चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि ग्राम है, हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा बच्चा राम है ने सभी को भावनात्मक कर दिया। मंच संचालन छात्रा कशिश व नेहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बीसी आर्य ने किया।

### भारतीय ज्ञान का ध्वज ऊंचा रखें

मुख्य अतिथि गोयल ने कहा कि नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष से प्रारम्भ हो रहा है। भारतीय नववर्ष सनातनियों के लिए गर्व है। राजा विक्रमादित्य के नाम से विक्रम संवत शुरू हुआ। उन्होंने आहवान किया कि भारतीय ज्ञान परम्परा का ध्वज हमेशा ऊपर रखें।

### सृष्टि की रचना शुक्ल पक्ष से हुई

ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना भी चैत्र शुक्ल पक्ष में ही की थी तथा भगवान श्रीराम व धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। हिन्दू धर्म में सबसे अधिक मान्यनवरात्र की शुरुआत भी इसी दिन होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

South Point
PUBLIC SCHOOL WORLD SCHOOL
An English Medium, Co.Ed., Sr. Sec. School (Aff. to CBSE, New Delhi)
Purkhas Road, Near Sugar Mill Flyover, Sonepat Ph.: 9306018324
Murthal Chowk, MURTHAL Sonepat Ph.: 9817500207
Admissions 2025-26 OPEN
for Classes PP-I to IX & XI
DILBAG S. KHATRI
Chairman & Managing Trustee
www.southpoint.net.in
Streams Offered for Classes 11th & 12th Medical | Non-Medical | Commerce | Humanities
Admission Helpline 0130-2216800 www.southpoint.net.in
98120 20033, 9812118466